# बंगाल की खाड़ी में मैग्नेटकि फॉसलि्स

## प्रलिमि्स के लयि:

मैग्नेटकि फॉसलि्स, मैग्नेटोटैक्टकि बैक्टीरयिा, **पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र,** पेलयिोसीन-इओसीन थर्मल मैक्समिम, **मध्य इओसीन जलवायु मैक्समिम, बंगाल की खाड़ी, वैज्ञानकि एवं औद्योगकि अनुसंधान परषिद, राष्ट्रीय समुद्र वज्ञिान संस्थान**, **इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी**

## मेन्स के लयि:

मैग्नेटो फॉसलि्स के अध्ययन का महत्त्व।

**स्रोत: द हदिू**

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में वैज्ञानकिों ने **50,000 वर्ष पुरानी** तलछट (पानी या और कसिी द्रव पदार्थ के नीचे बैठी हुई मैल) का पता लगाया है, जो कि **बंगाल की खाड़ी** में पाया जाने वाला एक वशिाल **मैग्नेटोफॉसलि्स** है, यह अपनी तरह की सबसे दुर्लभ खोजों में से एक है।

- **CSIR-राष्ट्रीय समुद्र वज्ञिान संस्थान** के वैज्ञानकिों ने बंगाल की दक्षणि-पश्चमिी खाड़ी से तलछट के नमूने का अध्ययन करने हेतु मग्नेटकि वश्लेषण एवं **इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी** का उपयोग कयिा।

## अध्ययन के मुख्य नष्किर्ष क्या हैं?

- **मानसून में उतार-चढ़ाव:** तलछट के नमूनों का वश्लेषण करने पर पछिले हमिनद-होलोसीन अवधि के दौरान मानसून में उतार-चढ़ाव का संकेत मलिा, जसिसे मौसम के उत्सादन एवं अवसादन पर प्रभाव पड़ा।
- **मैग्नेटकि फॉसलि्स वकिास हेतु इष्टतम स्थतियिाँ:** अध्ययन से पता चलता है कि वशिाल मैग्नेटोफॉसलि्स नरि्माण के लयि जलवायु परविर्तन की घटनाएँ आवश्यक नहीं हैं; इसके स्थान पर लौह, कार्बनकि कार्बन एवं सबऑक्सकि स्थतियिों का संतुलन आवश्यक है।
- **मैग्नेटोफॉसलि्स द्वारा प्राप्त की गई जानकारी:** मैग्नेटोफॉसलि्स प्राचीन जलीय वातावरण में पोषक तत्त्वों की उपलब्धता, ऑक्सीजन के स्तर और जल स्तरीकरण सहति पछिली पर्यावरणीय स्थतियिों के बारे में जानकारी को प्राप्त करता है।
  - **बंगाल की खाड़ी** में गरिने वाली **गोदावरी**, **महानदी**, **गंगा-ब्रह्मपुत्र, कावेरी और पेन्नर** जैसी नदयिों ने **पोषक तत्त्वों से भरपूर तलछट** एवं प्रतक्रियिाशील लौह तत्त्व प्रदान करके मैग्नेटो जीवाश्म नरि्माण में योगदान दयिा।

## मैग्नेटोफॉसलि्स क्या हैं?

- **परचिय:**
  - **"मैग्नेटोफॉसलि्स" मैग्नेटोटैक्टकि बैक्टीरयिा (Magnetotactic Bacteria)** के जीवाश्म अवशेषों को संदर्भति करता है जनिमें चुंबकीय खनजि होते हैं।
  - **मैग्नेटोटैक्टकि बैक्टीरयिा** भूवैज्ञानकि रकिॉर्ड में **जीवाश्म युक्त चुंबकीय कण** उत्सर्जति करते हैं।
- **मैग्नेटोटैक्टकि बैक्टीरयिा:**
  - मैग्नेटोटैक्टकि बैक्टीरयिा ज़्यादातर **प्रोकैरयिोटकि जीव होते** हैं जो स्वयं को **पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र** के साथ व्यवस्थति करते हैं। इसकी खोज वर्ष **1963** में **साल्वाटोर बेलनिी** ने की थी।
  - ये जीव उन स्थानों तक पहुँचने के लयि **चुंबकीय क्षेत्र का अनुसरण करते हैं जहाँ इष्टतम ऑक्सीजन सांद्रता होती** है। यह प्रक्रयिा उनकी कोशकिाओं के भीतर **लौह-समृद्ध क्रस्टिल** की उपस्थति से सुगम होती है।
    - मैग्नेटोटैक्टकि बैक्टीरयिा जल नकिायों में बदलते ऑक्सीजन स्तर और तलछट संतृप्तता को नेवगिेट करने के लयि अपनी कोशकिाओं के भीतर **मैग्नेटाइट या ग्रेगाइट के छोटे क्रस्टिल** बनाते हैं।
    - मैग्नेटोटैक्टकि बैक्टीरयिा के भीतर क्रस्टिल **मैग्नेटोटैक्ससि** के माध्यम से एक **शृंखला वन्यिास** में व्यवस्थति होते हैं।

- **दुर्लभ विशाल मैग्नेटो जीवाश्म पारंपरिक चुंबकीय जीवाश्मों** की तुलना में इतने आम नहीं हैं, ये संभवतः बैक्टीरिया के बजाय यूकेरियोट्स द्वारा निर्मित होते हैं।

- **मैग्नेटोफॉसिल्स की उत्पत्ति:**
  - अधिकांश विशाल मैग्नेटोफोसिल्स दो भूवैज्ञानिक समय अवधि **पैलियोसीन-इओसीन थर्मल मैक्सिमम (लगभग 56,000 मिलियन वर्ष पहले) और मिडिल इओसीन क्लाइमैटिक ऑप्टिमम (लगभग 40 मिलियन वर्ष पहले)** के तलछट में पाए गए हैं, **जो दोनों समयों पर वैश्विक तापमान में वृद्धि के लिये जाने जाते थे।**
    - इसने सुझाव दिया कि मैग्नेटोफॉसिल्स का निर्माण केवल ग्रीष्मकालीन अवधि के दौरान हुआ।
  - बंगाल की खाड़ी से विशाल मैग्नेटो जीवाश्मों की खोज लगभग 50,000 साल पहले, **अंतिम क्वार्टनरी काल (late Quaternary Period)** से हुई थी, जिससे वे अब तक खोजे गए **सबसे कम उम्र के विशाल मैग्नेटो जीवाश्म** बन गए।
    - वर्तमान अध्ययन इस धारणा को चुनौती देता है कि मैग्नेटोफॉसिल्स का निर्माण ग्रीष्मकालीन अवधि के दौरान हुआ था।




| प्रोकैरियोट्स | यूकेरियोट्स |
|---|---|
| ▪ प्रोकैरियोट्स ऐसे जीव हैं जिनमें **नाभिक और झिल्लीयुक्त अंगों की कमी** होती है।<br>◦ उनके **आनुवंशिक पदार्थ, गोलाकार डी.एन.ए. अणु**, एक परमाणु झिल्ली के भीतर संलग्न हुए बिना कोशिका द्रव्य में मौजूद होते हैं।<br>▪ प्रोकैरियोट्स में **बैक्टीरिया** और **आर्किया** शामिल हैं।<br>▪ मुख्य विशेषताओं में **नाभिक या अंग के बिना छोटी, सरल कोशिकाएँ** शामिल हैं। | ▪ यूकेरियोट्स ऐसे जीव होते हैं जिनमें एक झिल्ली के भीतर **नाभिक** युक्त कोशिकाएँ होती हैं।<br>◦ यूकेरियोटिक कोशिकाओं में विभिन्न प्रकार के झिल्ली-बद्ध अंगक होते हैं जैसे कि **माइटोकॉन्ड्रिया, एंडोप्लाज़्मिक रेटिकुलम, गोल्गी एपरेटस** और आंतरिक झिल्ली का एक जटिल नेटवर्क।<br>▪ यूकेरियोट्स में सभी प्रकार के **जानवर, पौधे और कवक** शामिल हैं।<br>▪ मुख्य विशेषताओं में केंद्रक युक्त वृहद जटिल कोशिकाएँ और विभिन्न अंगक शामिल हैं। |




## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

### [illegible]:

**प्रश्न. शब्द ‘डेनिसोवन (Denisovan)’ कभी-कभी समाचार माध्यमों में किस संदर्भ में आता है? (2019)**

(a) एक प्रकार के डायनासोर का जीवाश्म
(b) एक आदिमानव जाति (स्पीशीज़)
(c) पूर्वोत्तर भारत में प्राप्त एक गुफा तंत्र
(d) भारतीय उपमहाद्वीप के इतिहास में एक भूवैज्ञानिक कल्प

**उत्तर: (b)**

---

### [illegible]:

**प्रश्न. मैगेंटोफॉसिल्स और उनके निर्माण में मैग्नेटोटैक्टिक बैक्टीरिया की भूमिका पर चर्चा कीजिये**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/magnetic-fossils-in-bay-of-bengal